राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर 302015

टेलीफोन नं. 0141–2706830, 2941098, ई–मेल : **rajscoutguide@rajasthan.in**

क्रमांक : एफ.1(16) / सं.रा.स. / पार्ट / 2026–27 / 6498 दिनांक : 18.11.2026

महोदय / महोदया,

विषय – राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य परिषद के निर्वाचन बावत ।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य परिषद् के 76वें वार्षिक अधिवेशन का आयोजन राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, जगतपुरा–जयपुर पर होगा तथा राष्ट्रीय मुख्यालय के नियम संख्या 59 एवं राज्य संगठन के उप नियम के अनुसार गठित निर्वाचक मण्डल (इलेक्टोरल कॉलेज) द्वारा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं स्टेट चीफ कमिश्नर के पदों के लिए चुनाव सम्पन्न होगा । जिसमें आपको दिनांक 30.12.2026 को दोहपर 2:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक निर्वाचन में भाग लेना है ।

(1)	अध्यक्ष	1 पद
(2)	उपाध्यक्ष	12 पद (जिनमें 6 पद महिलाओं के लिए) (यदि महिलाओं के पर्याप्त नामांकन प्राप्त नहीं होते हैं तो ऐसी स्थिति में पुरूषों से पद भरे जायेंगे और इसके विपरीत भी)
(3)	स्टेट चीफ कमिश्नर	1 पद

नामांकन हेतु पात्रता :–

(1) **अध्यक्ष** :– भारत स्काउट व गाइड के नियम 64.1 के अनुसार भारत का नागरिक हो तथा प्रदेश में निवास करता हो । स्काउट / गाइड संगठन की रीति–नीति तथा उद्देश्यों को मानता हो ।

(2) **उपाध्यक्ष** :– भारत स्काउट व गाइड के नियम संख्या 65.2 के अनुसार राज्य संगठन में राज्य / मण्डल / जिला / स्थानीय संघ स्तर पर अध्यक्ष / उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया हो या राज्य / मण्डल / जिला मुख्य आयुक्त या राज्य / मण्डल / जिला आयुक्त के रूप में सेवाएँ दी हों ।

(3) **स्टेट चीफ कमिश्नर** :– भारत स्काउट व गाइड के नियम 66.1 के अनुसार नियुक्ति पत्र प्राप्त स्टेट चीफ कमिश्नर, नियुक्ति पत्र प्राप्त स्टेट कमिश्नर्स के रूप में कम से कम 3 वर्ष सेवाएँ दी हों या मण्डल / जिला मुख्य आयुक्त, मण्डल / जिला आयुक्त के रूप में कम से कम 6 वर्ष सेवाएँ दी हों ।

निर्वाचन कलैण्डर

कार्यक्रम	तिथि	समय
अधिसूचना जारी करना	18.11.2026	सांय 5:00 बजे तक
नामांकन पत्र जमा कराना	9.12.2026	अपरान्ह 3:00 बजे तक
नामांकन पत्रों की छंटनी व जाँच	10.12.2026	अपरान्ह 4:00 बजे से
सूचना पट्ट पर वैध/अवैध नामांकन को चस्पा करना	10.12.2026	सांय 6:00 बजे अथवा जाँच पूर्ण होने पर
उम्मीदवार के नाम वापसी	16.12.2026	सांय 3:00 बजे तक
अन्तिम वैध नामांकन सूची सूचना पट्ट पर चस्पा करना	16.12.2026	सांय 5:00 बजे
मतदान (यदि आवश्यक हुआ तो)	30.12.2026	दोपहर 2:00 बजे से 5:00 बजे
मत गणना	30.12.2026	मतदान समाप्त होने के तत्काल बाद अथवा सांय 5:00 बजे, जो भी देरी से हो ।
परिणाम घोषणा	30.12.2026	मत गणना के पश्चात्

भवदीय

संलग्न –

(1) नामांकन पत्र
(2) निर्वाचक मण्डल (इलेक्टोरल कॉलेज) सूची
(3) नाम वापसी प्रपत्र

(डॉ. पी. सी. जैन)
राज्य सचिव एवं
निर्वाचन अधिकारी

निर्वाचक मण्डल (इलेक्टोरल कॉलेज) के समस्त सम्मानित सदस्यों
की सेवा में ।